चलो रे खाटू उठाओ निशान

चलो रे खाटू उठाओ निशान,
बाबा ने हमको बुलाया है,
चलो रे खाटू उठाओ निशान,
बाबा ने हमको बुलाया है,
सारे जग का है वो तारणहार,
बाबा ने हमको बुलाया है…………

जिन नैनों में श्याम की ज्योति,
उन नैनों से बरसे मोती,
खाटू में बैठा वो श्याम धणी है,
उसकी कृपा से ये दुनियां चली,
जल्दी रींगस से ले आओ निसान,
बाबा ने हमको बुलाया है,
जय श्री श्याम, बोलो जय श्री श्याम…….

छाई है देखो खुशहाली,
आई है रुत भक्ति वाली,
हर भक्तों को दर्शन दीये,
आया है जो बनके सवाली,
अब ना ठहरो, उठाओ निसान,
आया है जो बन के सवाली,
बाबा ने हमको बुलाया है,
जय श्री श्याम, बोलो जय श्री श्याम…….

मन में है खाटू नगरीया,
उड़ जाऊं मैं बनके बदरिया,
खाटू नगर को ये चली टोली,
प्यासी है दरस की सांवरिया,
अब ना देर लगाओ हे श्याम,
बाबा ने हमको बुलाया है,
जय श्री श्याम, बोलो जय श्री श्याम………..

चलो रे खाटू उठाओ निशान,
बाबा ने हमको बुलाया है,
चलो रे खाटू उठाओ निशान,
बाबा ने हमको बुलाया है,
सारे जग का है वो तारणहार,
बाबा ने हमको बुलाया है………

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/25069/title/chalo-re-khatu-uthao-nishan

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |